तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

13 मैनपुर के भाठीगढ़ में स्थित है अद्भुत शिवलिंग हर...


14 पीने और खाना बनाने के लिए अब मिल रहा साफ पानी...




आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
मेन रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

## महाशिवरात्रि पर राजिम में उमड़ेगा आस्था का सैलाब, कुलेश्वरनाथ में रहेगी कड़ी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कल रविवार 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पावन पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। त्रिवेणी संगम नगरी राजिम में इस अवसर पर दूर-दराज के गांवों और आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने की संभावना है। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां और शिव भक्त तथा श्रद्धालुजन आज शाम तक राजिम पहुंच जाएंगे रात्रि जागरण के साथ भोलेनाथ की भक्ति में लीन होंगे। आधी रात के बाद महानदी की धारा में आस्था की डुबकी लगाकर अपने व्रत और संकल्प की शुरूआत करेंगे। इसके बाद वे प्राचीन कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विशेष पूजन-अर्चन करेंगे। मंदिर परिसर में भोर से ही लंबी कतारें लगने की संभावना है। श्रद्धालुओं को क्रमबद्ध तरीके से दर्शन कराने के लिए लाइन व्यवस्था लागू रहेगी, जिससे भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। भीड़ प्रबंधन के लिए कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए है पर्व को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। मंदिर परिसर, संगम क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बैरिकेटिंग, प्रवेश और निकास मार्ग अलग-अलग निर्धारित किए गए हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निगरानी भी बढ़ाई गई है।



### आधी रात से शुरू होगा स्नान, भोर में जलाभिषेक



#### हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजेगा वातावरण

प्रशासन और पुलिस का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि भीड़ के दबाव को देखते हुए दर्शन में समय लग सकता है, इसलिए श्रद्धालुओं से संयम और सहयोग की अपील की गई है। आस्था, भक्ति और अनुशासन का संगम महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और भक्ति का महाअवसर है। राजिम की पावन धरती पर जब हजारों दीपों की रोशनी, घंटों की गूंज और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंजेगा, तब पूरा नगर शिवमय हो उठेगा। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि श्रद्धालु भी प्रशासन का सहयोग करें, कतार व्यवस्था का पालन करें और धैर्य बनाए रखें, ताकि यह महान पर्व श्रद्धा, सुरक्षा और अनुशासन के साथ संपन्न हो सके। बता दें कि कल महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर राजिम में आस्था का महाकुंभ सजेगा-जहां महानदी की लहरें और भोलेनाथ की कृपा भक्तों के मन को शिवमय कर देंगी।

## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने की खुदकुशी 3 दिन बाद मिला शव



**छुईहा बेलर।** बीमारी से परेशान, परिवारिक तनाव के चलते एक अधेड़ द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र का है। एसआई नीलू राम दिवान ने बताया की बेलर गांव निवासी जुगल राम यादव उम्र 60 वर्ष पिछले तीन दिनों से 10 फरवरी से घर से बिना बताए निकल गया थे। फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।वह विमारी से तनाव थे। वह तीन दिन पुरानी लाश थी जो सड़े गले हालत में मिली है। पुलिस थाना जांच में जुटी है।

### जिले में प्लेसमेंट कैंप 20 को

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग तथा संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, रायपुर के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गरियाबंद द्वारा 20 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी प्रतिष्ठान फायर, सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, भिलाई दुर्ग एवं प्रेरक स्वयं सेवी संस्था, गरियाबंद में कुल 191 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिन पदों पर भर्ती की जानी है, उनमें फायर मेन, सिक्योरिटी गार्ड, फूड पैकेजिंग, ड्राइवर (हेवी लाइसेंस), वार्ड बॉय, वार्ड गर्ल, केयर टेकर, विशेष शिक्षक (मानसिक मंदता), प्रबंधक, स्पीच थेरेपिस्ट, व्यावसायिक प्रशिक्षक तथा स्वच्छता कर्मी शामिल हैं। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं डिप्लोमा (फायर सेफ्टी), एमएसडब्ल्यू, पीजीडीसीए, बीएड उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा समस्त शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता संबंधी अंकसूची एवं प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प का लाभ उठा सकते हैं। प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी ई-रोजगार पोर्टल ईरोजगार डॉट सीजी डॉट गवर्नमेंट इन अथवा छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकते हैं।

### महाशिवरात्रि पर शिवधाम टोला में आज से कार्यक्रम

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 12 पाली परिक्षेत्र परसदा टोला द्वारा ग्राम खट्टी के समीप खारुन नदी तट स्थित शिवधाम टोला घाट के श्री शिव मंदिर में 14 से 16 फरवरी तक त्रिदिवसीय महाशिवरात्रि पर्व, सामाजिक सम्मेलन एवं लक्ष्मण झूला लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहर निषाद ने बताया कि 14 फरवरी को सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरुराम निषाद,15 फरवरी (महाशिवरात्रि) को विशेष पूजा-अर्चना एवं भव्य मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,16 फरवरी को जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा शामिल होंगे।

## विडंबना : ग्राम अमलोर, हथोड़ाडीह, नगराल में नहीं है बिजली, पानी, स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाएं

# कमारों की झोपड़ी में पसरा अंधेरा, रात का अंधियारा दूर करने अलाव जलाने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 36 किमी दूर दुर्गम पहाड़ियों व जंगलों के बीच में बसा विशेष पिछड़ी कमार जन जाति ग्राम नगराल, अमलोर, हथोड़ाडीह एवं बाघनगराल आज आजादी के 79 वर्षों बाद भी मुलभुत बुनियादी सुविधाओ के लिए तरस रहा है, इन विशेष पिछड़ी कमार जन जाति ग्रामों में पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क की मुलभुत सुविधाए भी नहीं है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के कुल्हाड़ीघाट वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पहाड़ी पर बसे यह ग्राम विकासखण्ड गरियाबंद के अंतिम ग्रामों में है इन ग्रामों तक स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अफसरों का दौरा नहीं होता जिसके चलते इन ग्रामों के लोगों को बुनियादी सुविधाए भी नसीब नही हो पा रही है ऐसा नहीं कि यहां के ग्रामीण अपने मांगों को लेकर आवाज बुलंद नहीं करते कई बार ग्राम ओड़ के सरपंच एवं ग्रामीणों के द्वार इन ग्रामों मे मुलभुत सुविधा उपलब्ध कराने आला अफसरों व सांसद विधायक एवं जनता के कीमती मतों से चुने हुए जनप्रतिनिधियों को आवेदन मांगपत्र देकर थक चुके हैं। यह पहाड़ी के ऊपर ▶▶|शेष पेज 12 पर





### समस्याओं का समाधान नहीं

ग्राम पंचायत ओड़ के सरपंच राजीबाई, लखनलाल यादव एवं ग्रामीणों ने बताया की गांव तक पहुंचने कई बार पक्की सड़क की मांग कर चुके है बिजली, शिक्षक, स्वास्थ्य, पेयजल व अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए आवेदन देकर थक चुके है हमारी समस्याओं को सूनने वाला कोई नहीं है। पेयजल के लिए भारी दिक्कत हो रही है अफसर, अधिकारी, जनप्रतिनिधि कोई नहीं आते जिससे इस क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। ग्रामीणो ने बताया की प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है तेजी से ग्रामीण का मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### हैंडपंपों से निकलता है आयरन युक्त पानी



स्वास्थ्य सुविधा और शिक्षा व्यवस्था के बदहाल स्थिति के बारे मे तो पुछिए मत, यहां के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल भी नसीब नहीं हो पा रहा है पथरीला पहाड़ी ईलाका होने के कारण हैंडपंपों से लाल आयरन युक्त पानी निकलता है जिसके कारण कई ग्रामीण आज भी झरिया का पानी पीने मजबूर हो रहे है, नदी नालों में डोंडी से पानी पीने मजबूर हो रहे है। सबसे ज्यादा परेशानी ओड़ ग्राम पंचायत के बाघनगराल में हो रही है यहां जल स्तर बेहद नीचे होने के कारण अभी से पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है और तो और गर्मी के दिनों में झरिया से पानी भी नहीं निकलता यहां जल जीवन मिशन सिर्फ दिखावा साबित हो रहा है। यहां के स्कूलों में समय पर शिक्षक नहीं पहुंचते और तो और आंगनबाड़ियों की स्थिति बेहद खराब है टूटे फूटे स्कूल भवन हथौड़ाडीह में बच्चे अपना भविष्य गढ़ने मजबूर हो रहे हैं यहां निवास करने वाले ग्रामीण अपने पारंपरिक व्यवसाय बांस बर्तन बनाकर जीविका उपार्जन करते है जंगल से वनोपज व कंदमूल एकत्र करते है।

### विधायक की पहल पर 3 नई सड़कों और मंदिर जीर्णोद्धार को मिली मंजूरी



**राजिम।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए प्रतिबद्ध विधायक रोहित साहू के प्रयासों से क्षेत्र को बुनियादी ढांचे के विकास में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। विधायक रोहित साहू के विकासपरक विजन के चलते हर हफ्ते नई-नई सौगातें जनता को मिल रही है जिससे राजिम विधानसभा की नई तस्वीर बन रही है और विकास के पथ पर राजिम विधानसभा द्रुतगति से अग्रसर हो रहा है। छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर जारी पत्र के अनुसार तीन नई सड़कें जिसमें छुईहा से बाहनाकाड़ी लंबाई 0.80 किमी के लिए 120.51 लाख रुपए, रोहिणा से सेमराडीह लंबाई एक किमी के लिए 153.50 लाख रुपए और गरियाबंद के जीएडी आवास गृह पहुंच मार्ग लंबाई 1.40 किमी के लिए 382.34 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। विधायक रोहित साहू की पहल पर तीन नई सड़कों के निर्माण और शीतला माता मंदिर जीर्णोद्धार के लिए राशि की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सड़कों के बनने से स्थानीय ग्रामीणों का ▶▶|शेष पेज 12 पर



### हनुमत महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला के संत समागम स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति भाव के बीच हनुमत महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञ प्रारंभ होने के पहले श्री पटेश्वर सेवा संस्थान के बालयोगी श्री राम बालकदास जी के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा के पश्चात विधि-विधान से यज्ञशाला में कलश स्थापना की गई। इस अवसर पर श्रद्धालु राम भजन गाते हुए भक्ति रस में डूबे हुए थे। पूरा संत समागम स्थल जय श्रीराम, हनुमान जी के जयकारों और वैदिक मंत्रों से गुंज उठा। यह महायज्ञ 11 से 15 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक हो रहा है।

### खैरझिटी में महाशिवरात्रि पर मानस गान आज से

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के ग्राम खैरझिटी में हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महापर्व पर त्रि-दिवसीय श्री रामचरित मानसगान सम्मेलन जय गुरूदेव बोलबम कांवरिया संघ, जय गुरूदेव मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य आयोजन 14 फरवरी शनिवार से 16 फरवरी दिन सोमवार तक रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा वैदिक मंत्र के साथ 14 फरवरी दोपहर शनिवार समय दोप. 12 बजे मंचस्थ मण्डली एवं 15 से 16 फरवरी तक यज्ञ हवन पूजन, पूर्णाहुति एवं 16 फरवरी को अतिथियों का स्वागत सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी सभापति, जिला पंचायत गरियाबंद, अध्यक्षता डेमेश्वर दीवान सरपंच, ग्राम पंचायत खैरझिटी, विशिष्ट अतिथि सुखवती टाण्डे सभापति, जनपद पंचायत छुरा, जसप्रित सिंह हैप्पी उपसरपंच, ग्राम पंचायत मड़ेली, महेश यादव अध्यक्ष, लोकसभा क्षेत्र आम आदमी पार्टी महासमुंद, विशाखा ठाकुर उपसरपंच, ग्राम पंचायत खैरझिटी होंगे।

## वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणीकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में शासकीय राजीवलोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. समीक्षा चंद्राकर की अध्यक्षता एवं महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजू साहू के विशिष्ट आतिथ्य में वार्षिक उत्सव एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ मां शारदे की पूजन, वंदना एवं राज्यगीत के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. समीक्षा चंद्राकर ने महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया एवं उपलब्धियों पर सदन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं की सर्वांगीण विकास के लिए पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी सहभागिता के लिए प्रेरित किया।जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री राजू साहू ने कहा कि हमारी समिति शैक्षणिक विकास के लिए आवश्यक अधोसरंचना में सुधार के लिए निरन्तर प्रयासरत है।मनीष हरित ने भारत सरकार के 2047 के विकसित भारत लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए छात्रों में कौशल विकास पर बल दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजू हरित ने लक्ष्य निर्धारित करने प्रेरित किया। विशिष्टअतिथि प्रो. मोहन लाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्षिकोत्सव हमारे अकादमिक क्रियाकलापों को सम्मानित और प्रेरित करने माध्यम होता है जो हमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करता है। मुख्य अतिथि डॉ. सविता मिश्रा ने ▶▶|शेष पेज 12 पर

### सुनील सोनी के गीतों से सजी सुरमयी शाम

# छईंया भुईंया ल छोड़ जवईया.... गीत ने दर्शकों को किया भावुक







हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच पर बारवें दिन आयोजित सुनील नाइट ने मेले की सांस्कृतिक संध्या को यादगार बना दिया। जैसे ही मंच पर छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय गायक सुनील सोनी ने कदम रखा, पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत उन्होंने भक्तिमय गीत हे गणेश गौरी के ललना से की, जिसने माहौल को श्रद्धा और आस्था से भर दिया। इसके बाद हर-हर भोला की प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी सधी हुई आवाज, संगीत की नई धुन ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। जब उन्होंने वर्ष 2000 की चर्चित छत्तीसगढ़ी फिल्म मोर छईया भुईया का भावुक गीत छईंया भुईंया ल छोड़ जवईया प्रस्तुत किया, तो कई दर्शक भावुक हो उठे। मालूम हो कि लोकप्रिय गीतों ने माहौल को पूरी तरह रंगीन बना दिया। दर्शकदीर्घा उनके चाहने वालों से भरी रही और लोग देर रात तक अपने स्थान पर डटे रहे। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, भाजपा नेता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय साहू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लेते रहे।

### अवैध ईंट भट्टों पर कार्रवाई, छुरा तहसील के कई गांवों में नोटिस



**गरियाबंद/छुरा।** कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा 05 फरवरी से 11 फरवरी को तहसील छुरा अंतर्गत ग्राम खरखरा में 03, पंडरीपानी में 03, रसेरा में 03, मोंगरा में 02, पाटसिवनी में 02, नवापारा में 01, अवैध ईंट भटठा संचालनकर्ता को नोटिस देकर समक्ष जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है। ग्राम पथरी में अवैध ईट भट्ठा का संचालन होना नही पाया गया एवं अन्य ग्राम नागिनबाहरा, कोसमी, चरौदा, खुडियाडीह का निरीक्षण किया गया। सभी अवैध उत्खननकर्ताओं पर छत्तीगसढ खनिज (खनन, परिवहन, तथा भण्डारण) नियम 2009 के तहत एवं वाहनों पर खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 एवं छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## खबर संक्षेप



### कसेकेरा में श्रीराम चरित मानस महायज्ञ आज से

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के ग्राम कसेकेरा के शिव मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का आयोजन आज 14 से 18 फरवरी दिन बुधवार तक समस्त ग्रामवासीयों की सहयोग से सम्पन्न होगा। जनकल्याणकारी एवं विश्व शांति हेतु यज्ञ का आयोजन परम पूज्य गुरूदेव ब्रम्हलीन श्री श्री 108 संत श्री सिया भुनेश्वरी शरण व्यास जी महाराज के सूक्ष्म सानिध्य में कृपा पात्र शिष्य यज्ञकर्ता - महामण्डलेश्वर संत श्री सिया गोवर्धनशरण व्यास जी महाराज सिरकट्टी आश्रम कुटेना द्वारा सम्पन्न होगा। इसमें कथा वाचक संत रामसेवक शरण,संत मिथिलाशरण,संत जगदीश प्रसाद,संत चन्द्रहास,संत भागवत प्रसाद,संत बिरेन्द्र दास,संत बृजमोहन दास,संत रामानंद शरण द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ 14 फरवरी दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे दीप प्रज्ज्वलित एवं कलश यात्रा निकाल कर किया जाएगा। 15 फरवरी दिन रविवार को महाशिवरात्रि पर सुबह 8 बजे पुजा अर्चना के साथ हवन पूजन कर किया जाएगा एवं द्रोपती मानस परिवार अझोला महासमुन्द सुबह 11 बजे से 2 बजे तक एवं बृजवासी नेहा पाण्डे प्रवचन पुटकापुर दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक 16 फरवरी दिन सोमवार को सुबह 8 बजे हवन पूजन एवं कीर्तनकार-चन्द्रहास माली भेण्ड्री (धमतरी) प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक 17 फरवरी मंगलवार को देवी जया गौतम जी परमेश्वरी मंदिर पिथौरा चित्रकूट धाम उ.प्र. द्वारा सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक एवं यज्ञ, पूर्णाहुति शोभा यात्रा सायं 4 बजे समस्त ग्रामवासीयों द्वारा एवं 18 फरवरी दिन बुधवार गीतापाठ, विसर्जन हो गया इस आयोजन में डिगेश साहू मां महामाया मोटर्स छुरा,अजय पटेल माखन दिवान सरपंच स्व. कोहिनूर नेताम मोनू दीवान के द्वारा प्रदत्त कार्यक्रम प्रतिदिन रात्रिकालीन 9 बजे से होगी।जिसकी तैयारी में ग्रामीण जोर सोर से लगे हुए हैं।

### चंद्रहास बरिहा बने खड़मा मंडल अजजा मोर्चा के अध्यक्ष

**मुड़ागांव(कोरासी)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय एवं अजजा मोची के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह की अनुमति और जिला संगठन प्रभारी अमित



चिमनानी और जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकार की सहमति से अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष सियाराम ध्रुव ने कार्य समिति की घोषणा की जिसमे खड़मा मंडल में चन्द्रहास बरिहा सरपंच ग्राम पंचायत सोरिह (खुर्द) को खड़मा मंडल का अनुसुचित जन जाति मोर्चा के अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने अपने नियुक्ति पर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और पार्टी के दिशा निर्देश एवं कार्य करने की बात बताई साथ ही साथ उनकी नियुक्ति पर खड़मा मंडल के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा और ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ताओ ने उन्हें बधाई दी।

## कुलेश्वर मंदिर मार्ग पर उमड़ी भीड़...



**राजिम।** शुक्रवार को राजिम मेले का ओरिजनल दृश्य भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर से लेकर बीच नदी में स्थित श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर मार्ग पर दोपहर को देखने को मिला। चिलचिलाती और बहुत तेज धूप के बीच सैलानी और श्रद्धालु बड़ी संख्या में इस मार्ग पर नजर आए। नदी के बीच मार्ग के दोनों तरफ एक से बढ़कर एक दुकाने सजी हुई है। इन दुकानों के सामने नए मेला मैदान का मीना बाजार फेल साबित हुआ है क्योंकि दिन में मीना बाजार एकदम सूना रहा जबकि नदी के बीच कुलेश्वर महादेव मंदिर मार्ग आबाद रहा। मेला में पहुंचने वालो ने यही खरीददारी किए। यहां किसी प्रकार का रोक–टोक नहीं चल रहा था। लोग बेखटके मेला में घूम रहे थे।

**आयोजन :** बिजली स्कूल में 11वीं के छात्रों ने 12 के छात्रों को भावभीनी विदाई दी

# शिक्षा के विकास से गांव, समाज व राष्ट्र की उन्नति संभव : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर 11वीं के छात्र छात्रओं द्वारा 12 वीं के छात्र -छात्राओं को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात सभी शिक्षकों का स्वागत गुलाल लगाकर किया गया।तत्पश्चात छात्र छात्रओं द्वारा रोचक, मनोरंजक व ज्ञानवर्धक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा शाला में व्यतीत किए हुए अपने अनुभव व्यक्त किए। वहीं मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता में रीतू सेन प्रथम एवं पिरामिड बनाओ प्रतियोगिता में मुस्कान यादव विजेता रहे। सभी विजेता प्रतिभागी को कलम भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य राम नारायण मिश्रा ने कहा कि शिक्षा जीवन भर चलने वाली सतत प्रकिया है।जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के विकास से गांव, समाज व राष्ट्र की उन्नति संभव है। परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। दिनेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक क्षमताओं का विकास होता है। पूरन लाल साहू व्याख्याता ने कहा कि बोर्ड परीक्षा जीवन के एक महत्वपूर्ण सीढ़ी है। शिक्षा से व्यक्ति सभ्य, सुसंस्कृत और योग्य नागरिक बनता है। शिक्षा मनुष्य की अंतर्निहित पूर्णता की अभिव्यक्ति है। विनय कुमार व्याख्याता ने कहा कि आप सभी पढ़ाई के प्रति गंभीर होकर सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई में ध्यान दें निश्चित सफलता मिलेगी। रेखा सोनी व्याख्याता ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थियों के सफलता के पीछे कहीं न कहीं शिक्षकों का योगदान रहता है अतः आप लोग अपने शिक्षकों के साथ सतत संपर्क बनाये रखें एवं उनसे मार्गदर्शन लेते हुए अपनी समस्या का निराकरण जरूर करें। कीर्ति निषाद शिक्षिका ने कहा कि आप सभी पढ़ाई में विशेष ध्यान देकर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर घर, परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। नरेंद्र कुमार वर्मा व्याख्याता ने कहा की असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है अतः हमेशा सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई करना चाहिए जिससे निश्चित सफलता मिल सके। गीतांजलि नेताम ने सभी विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए परीक्षा में सफल होने की बात कही। संतोषी गिलहरे व्याख्याता ने विदाई गीत गाकर भाव विभोर कर दिया। नकुल राम साहू ने कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होता है।



### शिक्षा से व्यक्ति का ज्ञान और कौशल बढ़ता है

दुष्यंत कुमार साहू ने कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है अतः हमें जीवन पर्यंत सीखना चाहिए क्यूंकि शिक्षा से व्यक्ति का ज्ञान और कौशल बढ़ता है। कार्यक्रम का संचालन तारिणी यादव एवं मालनी निषाद ने (11वी) ने किया। कार्यक्रम के अंत मे शाला के प्राचार्य द्वारा दसवीं एवं बारहवीं के छात्र- छात्राओं को प्रवेश पत्र वितरण किया गया। वहीं बारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा शाला को उपहार दिया। तत्पश्चात विद्यालय में पांच माह तक शिक्षिका के रूप में कार्य करने वाली कीर्ति निषाद को शाला परिवार की ओर से सम्मान किया गया। वहीं मिस फेयरवेल रीतू सेन एवं मिस्टर फेयरवेल पूनम पटेल को ताज पहनाकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे, शिक्षक नकुल साहू, कीर्ति निषाद, दुष्यंत साहू, तोमन साहू, यशवंत साहू व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।



## डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी से मिला टीचर्स संघ का प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में ऋतुराज रघुवंशी संचालक डीपीआई, अशोक नारायण बंजारा सहायक संचालक, एच सी दिलावर सहायक संचालक से मुलाकात करके शिक्षक (एल बी) संवर्ग के मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा करते हुए कहा कि 30 हजार सहायक शिक्षक पदोन्नति एवं क्रमोन्नति से वंचित है। पदोन्नति के लिए एसोसिएशन की थीम पर 5 वर्ष के अनुभव को एक बार (वन टाइम रिलैक्सेशन) शिथिल करते हुए 3 वर्ष किया गया था इसी तरह क्रमोन्नतिध्समयमान के लिए निर्धारित 10 वर्ष की सेवा को एक बार (वन टाइम रिलैक्सेशन) शिथिल करते हुए 5 वर्ष किया जावे। डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी ने प्रतिनिधिमंडल को चर्चा में कहा कि प्राचार्य प्रतीक्षा सूची पदोन्नति की प्रक्रिया शासन स्तर पर जारी है, यह शीघ्र होगा। व्याख्याता टी संवर्ग की पदोन्नति के लिए काउंसिलिंग शीघ्र करेंगे। व्याख्याता ई संवर्ग एवं प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला पदोन्नति के लिए न्यायलयीन बाधा दूर करने विस्तार से चर्चा करते हुए पक्ष रखा गया एवं सहायक शिक्षक से शिक्षक पदोन्नति हेतु विस्तार से चर्चा की गई। सौंपे गए ज्ञापन में मांग किया गया है कि रमेश चंद्रवंशी डबलू पीएस 2255/2021 एवं अन्य याचिकाओं में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा यह महत्वपूर्ण रूप से प्रतिपादित किया गया है कि पेंशन एक कल्याणकारी योजना है तथा यह सेवाओं के बदले दिया जाने वाला स्थगित पारिश्रमिक है। इसके साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि संविलियन से पूर्व याचिकाकर्ताओं द्वारा दी गई दीर्घकालीन सेवाओं को अप्रासंगिक मानकर नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।इसके अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय ने यह निर्देश भी दिया है कि सेवा की निरंतरता,किए गए कर्तव्यों की प्रकृति, वेतन का स्त्रोत, प्रशासनिक नियंत्रण तथा संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 के अंतर्गत समानता के संवैधानिक सिद्धांतों को अनिवार्य रूप से ध्यान में रखा जाना चाहिए। ज्ञापन में मांग किया गया कि केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार व उत्तराखंड सरकार की तरह छत्तीसगढ़ राज्य में भी पेंशन निर्धारण के लिए 33 वर्ष अर्हकारी सेवा के स्थान पर 20 वर्ष अर्हकारी सेवा होने पर 50 : पेंशन निर्धारण का प्रावधान किया जावे।

## परदेसी राम ने लगाई जनचौपाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम पंचायत आलेखुटा में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष परदेसी राम साहू ने चौपाल लगाकर विकसित भारत रोजगार और आजीविका की नई गारंटी जीरामजी श्रमिक कल्याण योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि पिछले सरकार में 100 दिन का काम मिलता था अब वह 125 दिन हो गया है साथ ही इस अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक या कार्य समाप्ति के 15 दिनों के अंदर होगा। विलंब पर मुआवजा देय होगा। ग्राम स्तर पर लिए गए निर्णय योजनाओं के मुख्य आधार होंगे सभी कार्य ग्राम सभाओं द्वारा तैयार और अनुमोदित किए जाएंगे। श्री साहू ने बताया कि ऐसा अधिनियम इस जीरामजी में प्रावधान रखा गया है कि आप लोगों को कैसी मदद मिलेगी। बताया कि हर योग्य लाभार्थी को अब 25% अधिक काम मिलता है 100 दिनों की जगह 125 दिनों के काम की गारंटी है। अधिक काम का मतलब हर घर के लिए अधिक आय और अधिक समृद्धि मजदूरी भत्ते में कोई कटौती नहीं होगी।

## जनपद स्तरीय कार्यशाला में विकसित भारत का संकल्प, मनरेगा व जल संरक्षण पर दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

जनपद पंचायत छुरा में वीबी-जी-राम-जी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विकसित भारत के संकल्पों को ग्राम स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना तथा मनरेगा से जुड़े प्रावधानों के बेहतर क्रियान्वयन पर सामूहिक समझ विकसित करना रहा। कार्यशाला में विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों, सचिवों और तकनीकी अमले ने भाग लेकर योजनाओं की बारीकियों पर चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत विकसित भारत के विज़न पर विस्तार से विचार-विमर्श के साथ हुई। वक्ताओं ने बताया कि ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी के बिना समग्र विकास संभव नहीं है। इसके बाद जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण, वाटरशेड विकास तथा सिंचाई स्त्रोतों के पुनर्जीवन जैसे विषयों पर तकनीकी जानकारी साझा की गई। उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जल संरचनाओं की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव तैयार करें। बैठक में मनरेगा अंतर्गत 125 दिनों की रोजगार गारंटी को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। हितग्राहियों को समय पर काम उपलब्ध कराने, जॉब कार्ड धारकों का पंजीयन अद्यतन रखने तथा मांग आधारित कार्य योजना बनाने पर जोर दिया गया। मजदूरी भुगतान में देरी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बेरोजगारी भत्ते के बेहतर प्रावधानों पर भी मार्गदर्शन दिया गया, ताकि जिन हितग्राहियों को नियमानुसार काम नहीं मिल पाता, उन्हें शासन की मंशा के अनुरूप लाभ मिल सके। अधिकारियों ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही से ही योजना का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा। कार्यशाला के अंत में वीबी-जी-राम-जी के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर का वितरण किया गया। प्रतिभागियों को गांव-गांव जागरूकता फैलाने और आम नागरिकों को योजना से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर सी ई ओ सतीश चन्द्रवंशी, परियोजना अधिकारी रमेश कंवर, तकनीकी सहायक तथा सभी पंचायतों के सचिव उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपेक्षा जताई कि कार्यशाला में मिले मार्गदर्शन से क्षेत्र में विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार आएगा।



ब्रह्माकुमारी संस्थान में देशभर के संतों का महासंगम

# आध्यात्मिकता से ही सुरक्षित रहेगी सनातन संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के त्रिमूर्ति भवन में आध्यात्मिकता द्वारा सनातन संस्कृति की रक्षा विषय पर संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से आए साधु-संतों एवं महामंडलेश्वरों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव ध्वज फहराकर किया गया। संस्थान की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने दिव्य उदबोधन के साथ सभी संतों का आत्मीय स्वागत किया। माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार नारायण भाई ने कहा कि समाज में आध्यात्मिक जागृति, नैतिक मूल्यों की स्थापना और दैवीय संस्कृति के पुनस्र्थापन का समय आ गया है। वर्तमान समय परिवर्तन का काल है, जब शिव पिता परमात्मा द्वारा दैवीय संस्कृति की स्थापना का दिव्य कार्य संपन्न हो रहा है। अकोला (महाराष्ट्र) से आई राजयोग शिक्षिका योगशक्ति ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी दीदी ने कहा कि गीता जीवन जीने की कला सिखाती है, जो आत्मज्ञान पर आधारित है और यही सनातन संस्कृति की मूल आत्मा है। राजनांदगांव से आई गुरु सुमरिन माई ने कहा कि परिवर्तन की शुरूआत हो चुकी है, आवश्यकता है उसे सही दिशा देने की। समाज सुधार की पहली सीढ़ी परिवार है, इसलिए पहले परिवारों में संस्कार जागृत करना आवश्यक है। महामंडलेश्वर अक्रिय महाराज ने भारतीय संस्कृति के सम्मान और बच्चों को भारतीय परंपराओं की जानकारी देने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। प्रेमानंद ने कहा कि आध्यात्मिकता ही सनातन संस्कृति की जागृति का मूल आधार है।

### मनुष्य के भीतर संस्कारों का पुनर्जागरण हो



ब्रह्माकुमारीज का संदेश पवित्रता प्रसन्नता की जननी है जीवन में प्रेम, शांति, सुख और सहयोग की भावना को स्वतः विकसित करता है। स्वामी अखिलेश्वरानंद ने कहा कि पाश्चात्य प्रभाव के कारण हम अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। आवश्यकता इस बात की है कि मनुष्य के भीतर संस्कारों का पुनर्जागरण हो। भारत ही वह भूमि है जहाँ सनातन संस्कृति पर गंभीर चिंतन संभव है। इंदौर से पधारे आशीष गुप्ता ने कहा कि हम सभी सनातन की छत्रछाया में हैं और सनातन मूल्यों के आधार पर ही स्वर्णिम भारत की पुनः स्थापना संभव है। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान समाज में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संतों के सानिध्य को क्षेत्र के लिए सौभाग्य बताया।

## पेज 11 के शेष...

### कमारों की झोपड़ी...

संवेदनशील क्षेत्र बताकर यहां विकास कार्य नहीं हो पा रहा है इन ग्रामों में पहुंचने के लिए आजादी के सात दशक बाद भी सड़क की व्यवस्था नहीं है पगडंडी मार्ग से होकर इन ग्रामों में पहुंचा जाता है यहां विशेष पिछड़ी कमार जन जाति आदिवासी निवास करते है जिनके विकास और उत्थान के लिए गरियाबंद जिला मुख्यालय मे कमार विकास परियोजना का भी कार्यालय खुला है और राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा इस विशेष पिछड़ी जन जाति के विकास के लिए दर्जनों योजनाएं संचालित किया जा रहा है लेकिन इन ग्रामों में पहुंचने के बाद पता चलता है कि इनके विकास के लिए बनाए गए योजनाएं इन गांव तक पहुंच ही नहीं पा रही है। आज भी ग्राम अमलोर, हथोड़ाडीह, नगराल में कमार जन जाति के ग्रामीण झोपड़ी में निवास करने मजबूर हो रहे हैं बिजली नहीं लगने के कारण रात के अंधेरा दूर करने कमार जन जाति के लोग अपने झोपड़ी के सामने लकड़ी का अलाव जलाकर रात के अंधेरे से लड़ रहे है सौर ऊर्जा लगाया गया है लेकिन उसकी स्थिति बेहद खराब है।

### विधायक की पहल पर...

आवागमन सुगम होगा और नई सुविधाएं क्षेत्रवासियों को प्राप्त होंगी। विधायक रोहित साहू ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को मजबूत करना है। इससे क्षेत्रवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी और विकास को नई रफ्तार मिलेगी। रोहिणा-सेमराडीह और छुईहा-बाहनाकाड़ी मार्ग के बनने से ग्रामीण इलाकों के लोगों को नई सुविधाएं प्राप्त होंगी और गांव में पहुँचने में आसानी होगी।वहीं जीएडी आवास गृह मार्ग के निर्माण से आवागमन अधिक सुरक्षित और सुलभ हो जाएगा। इस मार्ग को बनाने के लिए विगत कई वर्षों से ग्रामीण मांग कर रहे थे जो अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार में संभव हो पाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में अब ग्रामीण विकास का नया दौर प्रारंभ हुआ है। राजिम विधानसभा क्षेत्र की हर सड़कों का कायाकल्प हमारी सरकार के प्रयासों से होने जा रहा है। क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीदों के साथ मुझे आशीर्वाद देकर विधायक बनाया और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई है उन उम्मीदों को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है जिसे हम पूरा भी कर रहे हैं। सड़कों की स्वीकृति मिलने के बाद से ही इन ग्राम पंचायतों और क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने विधायक रोहित साहू के प्रति आभार प्रकट किया है। वर्षों से लंबित इन मांगों के पूरे होने से अब क्षेत्र में विकास के एक नए युग की शुरूआत मानी जा रही है।

### वार्षिकोत्सव में छात्र...

चींटी की कहानी के माध्यम से छात्रों को निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। मंचासीन अतिथियों के कर कमलों से विगत वर्ष के परीक्षा परिणामों में उत्—ष्ट प्रयासों को प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली में सम्मिलित महाविद्यालय के छात्र नेमन साहू को महाविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया तथा विनिशा और नेमन साहू को स्टूडेंट ऑफ द ईयर घोषित कर पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रोफेसर रितेश गोलछा, प्रो कमलेश्वर प्रसाद निषाद, प्रो. तीरथ राम कपूर, प्रो डॉ. अलका कौशिक, उर्वशी चंद्राकर, देवश्री कुर्रे, डॉ. मोहन सिंह, यश कांकरिया, सतप्रीत सिंह, दविंदर कौर, डॉ. भूलेश्वरी साहू, बलराम नागवंशी, मोहम्मद इम्तियाज सिद्धीकी, पूजा ब्रम्हभट्ट, हीरा नेताम, परमानंद, कोमल, तेजराम, पवेन्द्र, प्रतिभा इत्यादि का अतुलनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर नर्मदेश्वर शिवलिंग की होगी प्राण प्रतिष्ठा

**गरियाबंद।** नगर के निकट स्थित आमदी (म) के शिक्षक नगर में 15 जनवरी रविवार को नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा हर्षोल्लास के साथ की जा रही है। उक्त प्राण प्रतिष्ठा शिव नगर में नवनिर्मित नर्मदेश्वर मंदिर में की जायेगी। मंदिर का निर्माण जन सहयोग से किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से पूर्व, शनिवार 14 फरवरी को कलश यात्रा आयोजित है। शिवरात्रि पर आयोजित इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर ग्रामीण उत्साहित हैं। नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना के पश्चात, रविवार दोपहर प्रसाद वितरण किया जायेगा। इस समारोह में अधिक से अधिक श्रद्धालु शिवभक्तों को सपरिवार आमंत्रित किया जा रहा है।

### मुड़ागांव के शिव मंदिर से आज निकलगी कलश यात्रा

**मुड़ागांव(कोरासी)।** मुड़ागांव के शिव मंदिर परिसर में हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पवन पर्व पर 36 वां वर्ष जय भवानी मानस मण्डली एवं समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से त्रि दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 14 फरवरी दिन शनिवार से 16 फरवरी दिन सोमवार तक का आयोजन किया गया है।जिसका शुभारंभ 14 फरवरी को पूजा अर्चना कलश यात्रा निकाल कर किया जाएगा।

**पर्व :** महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम में उमड़ेगी भीड़

# मैनपुर के भाठीगढ़ में स्थित है अद्भुत शिवलिंग हर साल बढ़ता है आकार और बदलता है रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अभी तक आपने देश दुनिया में ऐसे कई प्राचीन मंदिरों के बारे में सुने होंगे जहां कुछ ना कुछ चमत्कारी घटनाएं होती है ऐसे में आज हम आपको छत्तीसगढ़ के एक ऐसे प्राचीन शिव मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं जिसे सुनकर आप आश्चर्यचकित हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रमुख शिव मंदिरों में एक प्राचीन और ऐतिहासिक शिव मंदिर गरियाबद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के पैरी उदगम भाठीगढ़ में स्थित है यहां शिवलिंग प्राकृतिक है। शिवलिंग का आकार हर वर्ष धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। वही साल में दो बार इसकी रंग भी बदलता है। माघी पुन्नी के समय शिवलिंग भूरा कलर और सावन के पवित्र महा में काला कलर दिखाएं देने लगता है। मंदिर के पुजारी माखन दास वैष्णव ने हरिभूमि को बताया भाठीगढ़ स्थित शिव मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना और काफी प्राचीन मंदिरों में एक है। शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग को यहां से 5 किलोमीटर दूर छुईया के जंगल से लाया गया था। पुजारी ने इसके बारे में रोचक जानकारी देते हुए बताया सैकड़ों वर्ष पहले कमार जाति की एक महिला गोपालपुर छुईया ग्राम के जंगल में वनोपज संग्रहण करने पहुंची थी जहां उन्हें एक छोटा सा पत्थर दिखाई दिया और वहां महिला उस पत्थर को लाने के लिए जैसा ही उठाया लेकिन कई बार प्रयास करने के बाद भी उससे पत्थर नहीं उठ पाया। उन्होंने इसके बारे में गांव में पहुंचकर जानकारी दिया। उसी रात गांव के किसी बुजुर्ग व्यक्ति को स्वप्न में भोलेनाथ ने आकर बताया कि वह मैं हूं और मुझे यहां से ले जाकर स्थापित किया जाए। ग्रामीणों ने विशेष पूजा अर्चना कर एक विशेष प्रकार के अंडी पेड़ के लकड़ी से बैल गाड़ी बनाकर उस गाड़ी में काले रंग के गाय के माध्यम से उसे लाया गया और जिस स्थान पर गाड़ी टूट कर पत्थर जमीन पर गिर गया उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण किया गया है। पुजारी ने आगे बताया उस समय यहां शिवलिंग का आकार काफी छोटा था। अब इसका आकार काफी बड़ा हो गया है और इस मंदिर में सभी धर्म संप्रदाय के लोग पूरे आस्था के साथ आते हैं और शिव जी सभी की मनोकामना को पूरा करते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के अलावा ओडिशा और महाराष्ट्र से भी जलाभिषेक और विशेष पूजा अर्चना करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि, सावन के पवित्र माह, माघी पून्नी एवं महाशिवरात्रि पर यहां विशेष पूजा अर्चना किया जाता है 12 माह यहां श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना करने लगी रहती है। मंदिर के पुजारी माखन दास वैष्णव ने बताया यहां परंपरा अनुसार श्रद्धालु जलाभिषेक दुग्ध अभिषेक एवं फूल, बेल पत्र चढ़कर पूजा अर्चना करते है।






**महाशिवरात्रि को लेकर व्यापक तैयारी**

पैरी उद्गम भाठीगढ़ प्राचीन शिवमंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओ की अपार भीड़ उमड़ती है दूर –दूर से लोग पूजा अर्चना करने पहुंचते है जिसके चलते व्यापक तैयारी किया जा रहा है यह विशेष हवन पूजन व अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है वही पहाड़ी के ऊपर पैरी मंदिर तक भारी भीड़ लगती है।



### स्व-रोजगार योजनाओं, मार्केटिंग व उद्यमिता विकास पर हितग्राहियों को दिया मार्गदर्शन

**गरियाबंद।** जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में 12 फरवरी को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग द्वारा एक दिवसीय स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं और हितग्राहियों को अधिकारियों ने उद्यमिता, स्व-रोजगार और आधुनिक व्यवसाय प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। कार्यक्रम में विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के उप महाप्रबंधक रवि ध्रुव ने प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि बाजार की आवश्यकता, उपभोक्ता की पसंद, गुणवत्ता नियंत्रण और प्रभावी विपणन रणनीति को समझना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मार्केटिंग के पारंपरिक और डिजिटल दोनों तरीकों को समझाते हुए प्रतिभागियों को अपने उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग और प्रचार-प्रसार के महत्व से अवगत कराया। श्री ध्रुव ने स्वयं का व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना विशेष रूप से छोटे खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमियों को आर्थिक सहायता, तकनीकी समर्थन, ट्रेनिंग और मशीनरी के लिए अनुदान प्रदान करती है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को इस योजना का लाभ उठाकर खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्व-रोजगार के नए अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के तरीके और बैंकिंग प्रक्रिया की जानकारी देकर प्रतिभागियों को व्यवसाय स्थापना के लिए उपलब्ध सरकारी सहायता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए आत्मनिर्भर बनने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने उद्यमिता और व्यवसाय से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका श्री ध्रुव ने समाधान किया। उन्होंने सभी युवाओं को सलाह दी कि वे प्रशिक्षण के बाद स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए योजनाओं का लाभ लें, जोखिम लेने का साहस रखें और छोटे स्तर से शुरुआत करके धीरे-धीरे विस्तार करें।

## सेम्हरा में राज्यस्तरीय मानसगान 15 फरवरी से

**रसेला।** अखिल ब्रम्हांड नायक जगत नियंता रघुकुल भगवान श्री रामचंद्र जी की असीम कृपा से ग्राम सेम्हरा में समस्त ग्रामवासी के सतत प्रयास से तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय संगीतमय श्रीरामचरितमानस गान सम्मेलन 15 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित किया गया है। साथ ही साथ 18 फरवरी को पांच कुण्डली गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा।जिसमें शुभारंभ के मुख्य अतिथि होंगे शिवांगी चतुर्वेदी वन सभापति जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्षता करेंगे लेखराज ध्रुवा कृषि सभापति जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में खोमन चन्द्राकार अध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा, नारायण सिन्हा क्षेत्रिय जनपद सदस्य, सरपंच ललिता कंवर और सभी सम्माननीय ग्राम प्रमुख के द्वारा विधिवत भगवान श्रीरामचंद्र की पूजा अर्चना कर इस राज्यस्तरीय संगीतमय श्रीरामचरितमानस गान सम्मेलन का शुभारंभ किया जाएगा। मानस गान सम्मेलन का समापन 17 फरवरी दिन मंगलवार को शाम 4 बजे अतिथि आगमन के पश्चात किया जाएगा। समापन समारोह का मुख्य अतिथि जनक राम ध्रुव विधायक विन्द्रानवागढ अध्यक्षता पूर्व विधायक ओंकार शाह विशिष्ट अतिथि होंगे नथमल शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, सरपंच ललिता कंवर और सभी सम्माननीय ग्राम प्रमुख उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अध्यक्ष केशव चन्द्राकार, उपाध्यक्ष दऊवा राम साहू, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र चन्द्राकार, सचिव प्रीतराम सिन्हा सहित ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।









प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

**खबर संक्षेप**

## संगीत साहू भाजपा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष बनी

**छुईहा बेलर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव संगठन महामंत्री पवन साय, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी अनुमति और जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी व जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित की अनुशंसा से महिला मोर्चा जिला



अध्यक्ष बिन्दू सिन्हा ने फिंगेश्वर भाजपा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष पद के लिए संगीता ओमप्रकाश साहू देवगांव की नियुक्ति की है। संगीता साहू पूर्व में ग्राम पंचायत चरभट्ठी की सरपंच रही है, वर्तमान में तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष पद पर समाजिक सेवा दे रहीं हैं। भाजपा मंडल महामंत्री में सक्रिय थी। तथा बिहान समुह में जुड़ कर महिलाओं के बीच अच्छी पकड़ बनी हुई है। नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देने वालो में विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द, भाजपा युवा नेता समाजिक कार्यकर्ता रूप सिंग साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी कोमल ढीढी, राजु साहू,रामाधार साहू, पन्ना साहू,किशोर साहू, साहू समाज तहसील अध्यक्ष खोमन साहू, रेखा साहू, रेणुका साहू, मधुबाला रात्रे,मोती निषाद,टिकेश साहू, गजेन्द्र निषाद, परिक्षेत्र अध्यक्ष हरिराम साहू, सरपंच देवेन्द्र वर्मा व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं।

## सोरिद की पुष्पलता बनीं जिला मंत्री, कार्यकर्ताओं में हर्ष

**मुड़ागांव(कोरासी)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला-गरियाबंद के मंत्री पद की कमान अब ग्राम सोरिद की सक्रिय वरिष्ठ भाजपा नेत्री पुष्पलता देवानंद



सिन्हा को सौपी गयी है। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें जिला के मंत्री पद पर नियुक्त किये जाने की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गयी, जिला मुख्यालय से लेकर राजिम एवं बिंद्रानवागढ़ दोनो विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं समर्थकों के बीच गजब का उत्साह रहा। बता दें की पुष्पलता देवानंद सिन्हा लम्बे समय से जनपद सदस्य एवं संगनात्मक गतिविधियों में सम्मिलित रही भाजपा मंडल छुरा में मंत्री पद एवं कोषाध्यक्ष, के रुप मे सक्रिय कार्य किया, उसकी सक्रिय भुमिका को देखते हुए पार्टी ने जिलामंत्री बनाकर उनपर भरोसा जताया है, राजनैतिक गलियारों में उनकी नियुक्ती संगठन में नये उर्जा और सक्रियता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। नियुक्ती पर प्रक्रिया देते हुए भाजपा के कर्मठ नेत्री श्रीमति पुष्पलता देवानंद सिन्हा ने कहा है कि सदैव पार्टी के प्रति समर्पित भावना से कार्य करती आयी है, और संगठन ने उन्हें जो नयी जिम्मेदारी सौंपी है, वह उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जवाबदारी भी है, और इसकी नियुक्ती पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एव महामंत्री हेमंत सिन्हा और समस्त पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ग्राम सोरिद के समस्त कार्यकर्ता ने हर्ष जताया है।

### सुविधा : जल जीवन मिशन से बदला जीवन, हर घर तक सुरक्षित पेयजल

# पीने और खाना बनाने के लिए अब मिल रहा साफ पानी, समस्या हुई दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

केंद्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन ने दूरस्थ अंचलों में लोगों का जीवन बदल दिया है। मिशन के तहत हर घर में नल से जल पहुंचने से पूरे परिवार के लिए रोज पानी के इंतजाम में घंटों उलझे रहने वाली महिलाएं अब राहत की सांस ले रही हैं। जल जीवन मिशन ने रोज-रोज इस काम में लगने वाले श्रम और परेशानियों से महिलाओं को निजात दिला दी है। घर पर ही पानी मिलने से अब महिलाएं अपने आजीविका संबंधी कार्यों, बच्चों और परिवार को पर्याप्त समय दे पा रही हैं। जिले के बिंद्रानवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत के बसाहट महेन्द्रगढ़ में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सोलर आधारित पेयजल योजना संचालित की जा रही है। मुख्य मार्ग से इस गांव तक पहुंचने के लिए दो किमी कच्ची सड़क और जंगल से गुजरना पड़ता है। मिशन के तहत यहां हर घर में नल से प्रतिदिन प्रत्येक व्यक्ति को 55 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध उपलब्ध कराया जा रहा है। बसाहट के सभी घरों में नल कनेक्शन प्रदान कर हर घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाया जा रहा है।





### पहले हैंडपंप या कुएं पर जाकर पानी लाना पड़ता था

जीविकोपार्जन के लिए खेती और मजदूरी पर आश्रित महेंद्रगढ़ के लोग पहले पानी के लिए गांव में स्थापित दो हैंडपंपों, तीन कुंओं और बस्ती से 1-2 किमी दूर स्थित एक छोटे से तालाब पर निर्भर थे। मुख्यतः वर्षा जल पर निर्भरता के कारण साल के 4-5 महीने पानी की गंभीर समस्या होती थी। गांव की दूरपत बाई बताती हैं कि पहले कुएं और तालाब से पानी लेने में बहुत कठिनाई होती थी। बारिश के दिनों में पानी गंदा हो जाता था, जिससे खाना बनाना और बर्तन धोना मुश्किल होता था। पेट की तकलीफ भी होती थी और खाना स्वादहीन लगता था। अब नल लग जाने से पानी लेने के लिए उन्हें दूर नहीं जाना पड़ता। साफ-सुथरे पानी से खाना बनाना, बर्तन और कपड़े साफ करना आसान हो गया है। स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है। गांव की बुजुर्ग दासो बाई स्वच्छ पेयजल मिलने से अत्यंत प्रसन्न हैं। वह बताती हैं कि नल लग जाने के बाद घर के कामों के लिए बहुत समय मिलता है। पहले महिलाओं और बच्चों को रोज हैंडपंप या कुएं पर जाकर पानी लाना पड़ता था, जिससे रोजमर्रा के काम प्रभावित होते थे। अब सब आराम हो गया है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी अब प्रभावित नहीं हो रही है। पहले पानी के इंतजाम के लिए घर की महिलाओं के साथ बच्चों को भी जूझना पड़ता था। नल जल योजना से पर्याप्त पानी की आपूर्ति से अब घर में साग-सब्जी भी उगा रहे हैं।

# बेटियां मन लगाकर पढ़ाई करे : साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धूमा में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने छात्राओं को बहुत ही सहज भाव से पुष्पमाला पहनाकर साइकिलें प्रदान करते हुए शासन की योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह योजना बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को अब विद्यालय पहुंचने में सुविधा होगी और समय की बचत के साथ उनकी नियमित उपस्थिति भी बढ़ेगी। जनपद अध्यक्ष इंद्राणी ने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने सपनों को साकार करने और परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल को बालिका शिक्षा सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम बताया। कहा कि आज बेटियाँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यदि उन्हें सही अवसर और संसाधन मिलें, तो वे समाज और देश का नाम रोशन कर सकती हैं। साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि यह उनके सपनों को गति देने का माध्यम है। इस दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष चितरंजन साहू ,उपसरपंच वामन निर्मलकर, हरि वर्मा, डायमंड साहू, प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रहे।

# फाल्गुन की दस्तक, पलाश के सूर्ख लाल फूलों से महकने लगी प्रकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बसंत ऋतु मे अब क्षेत्र के पलाश के पेड़ों में सुर्ख चटक लाल पलाश का फूल खिलने लगा है। यह पलाश का फूल हमें फाल्गुन का अहसास कराता है। इस पलाश के फूल की तस्वीर को शेख हसन खान ने मैनपुर नेशनल हाईवे 130 सी के किनारे अपने कैमरे में कैद किया गया है क्षेत्र के अधिकांश पलाश वृक्षों में अब यह फूल लग चुका है,



खासकर गर्मी के दिनों में खिलने वाला पलाश का यह फुल काफी सुन्दर और आकर्षक नजर आता है, बसंत ऋतु में इनका खिलना शुरू हो जाता है, इसे प्राकृतिक का श्रृंगार कहते है, पलाश खिलने से ऐसा लगता है कि पलाश खिलने से जैसे धरती ने केसरिया धानी ओंढ रखी है विभिन्न रासायनिक गुण होने के कारण यह वृक्ष विशेष उपयोगी माना जाता है, इसे टेसू का फुल भी कहते है।

## नवोदय विद्यालय पाण्डुका में प्रेरणा उत्सव, 30 विद्यार्थी हुए उत्कृष्ट घोषित

**गरियाबंद।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार पाण्डुका स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सोमवार, 9 फरवरी 2026 को प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें गरियाबंद जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य महिमा सिन्हा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सृजनशीलता एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करते हैं। प्रतियोगिताओं के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद द्वारा गठित टीम ने प्रतिभागियों की उत्कृष्टता का मूल्यांकन किया एवं चयनित विद्यार्थियों का साक्षात्कार भी लिया। मूल्यांकन एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कक्षा आठवीं से ग्यारहवीं तक के कुल 30 छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट घोषित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ओम शांति भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 90वां शिव अवतरण वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

आदि सनातन देवी देवता धर्म की स्थापना निराकार प्रकाश स्वरूप पारलौकिक पिता शिव परमात्मा ने प्रजापिता ब्रह्मा के सरकार माध्यम से सृष्टि के प्रारंभ से पूर्व पुरुषोत्तम संगम युग में किया था जिसके परिणाम स्वरूप भारत भूमि में देवी - देवताओं का कर्तव्य भूमि, लीला भूमि रही है। उस समय एक धर्म, एक भाषा, एक संस्कृति और एक ही दैवी देवताओं वाला कुल था कालांतर में समय परिवर्तन के साथ-साथ मध्यकाल में अनेक धर्म, अनेक भाषाएं और अनेक प्रथाएं प्रारंभ हो गई और दैवीय शक्तियां विलुप्त हो गईं जिससे समाज अलग अलग वर्गों और समुदाय में विभाजित हो गया। मानव समाज से दैवीय मूल्य विलुप्त होने से चारों तरफ भय, अशांति और नफरत का माहौल हो गया है, दिनों दिन अपराध बढ़ते जा रहे हैं, मानव जीवन अनिश्चिता के दौर से गुजर रहा है। यह धर्मग्लानि का समय है, चारों तरफ धर्म के नाम से मारकाट मचा हुआ है। जबकि धर्म का असली स्वरूप है प्रेम, शांति, दया, क्षमा और परोपकार। आज यह गुण लोप हो गया है और आज आसुरी अवगुणों ने उनका स्थान ले लिया है, परिणाम स्वरुप यह संसार जैसे नरक बन चुका है। यह समय हीरे तुल्य है जबकि जगत नियंता



पारलौकिक शिव पिता परमात्मा प्रजापिता ब्रह्मा के साकार तन में सनविष्ट होकर सृष्टि नवनिर्माण का दिव्य एवं अलौकिक कर्तव्य करते हुए 90 वर्ष हो चुके हैं, जिसकी वर्षगांठ हम 90 वीं शिव अवतरण वर्ष के रूप में मना रहे हैं।

यह उद्गार राजयोगी ब्रह्मा कुमार श्रवण कुमार ने दिए। विगत दिवस, दिव्य एवं अलौकिक शक्ति केंद्र ओम शांति भवन रानीपरतेवा में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव कार्यक्रम में दिए। उन्होंने जन समुदाय का आवाहन करते हुए कहा यह समय आध्यात्मिक जागृति का है इसलिए इस समय को पहचानों अपने जीवन के महत्व को समझो और परमात्मा शिव द्वारा दिए जा रहे श्रीमत अनुसार श्रेष्ठ कर्म कर अनेक जन्मों के लिए श्रेष्ठ भाग्य बनाने का समय है। याद रखो-अभी नहीं तो कभी नहीं। सुख, शांति एवं संपत्ति आपका ईश्वरीय जन्म सिद्ध अधिकार है।

उक्त अवसर पर संस्था की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अफसाना वंदना बहन ने पारलौकिक शिव पिता परमात्मा को भोग स्वीकार कराई, तत्पश्चात शिव ध्वजारोहण किया गया। पूर्व जनपद पंचायत छुरा के पूर्व जनपद सदस्य नीलकंठ सिंह ठाकुर ने भी अपने प्रेरणादाई विचार रखें। क्षेत्रीय संवाददाता पुनीत राम ठाकुर ने भी अपने विचार रखें। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पटेल साधुराम निषाद, दुखु राम बघेल, मधुसूदन साहू, माखनलाल कश्यप, सुलोचना, दुर्गा सिंहा, केवरा सोनी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासियों के अलावा रायपुर, फिंगेश्वरी, कसेकेरा, अकलवारा के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के सुचारू संचालन में ओम शांति भवन के संचालक बीके योगेश कुमार। कुंजरानी निषाद, वंदना कंवर, लता नेताम, भारती कुंभकार, कांति दीवान, कुसुम कुंभकार, कृतिका कुंभकार, कुलसिया ध्रुव, जगबाई कंवर, निरंजन कुंभकार, भुनेश्वर ध्रुव ने सहयोग दिया।

# विद्यार्थियों को दवा का सेवन कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय, छुरा में जागरूकता एवं दवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को डाइएथाइल कार्बामाइजिन, अल्बेंडाज़ॉल एवं आइवरमेक्टिन दवाओं का सेवन कराया गया। दवा वितरण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, छुरा से ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुष्पध्वज सिन्हा एवं मितानिन परवीन खान महाविद्यालय पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं दवा सेवन के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ प्राध्यापकगणों ने भी दवा का सेवन कर जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनित कुमार साहू, डीआर साहू, डीपी सिंह, रागिनी ठाकुर एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय परिवार ने इस अभियान को जनस्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए विद्यार्थियों से नियमित रूप से स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाने की अपील किया।

# संत समागम परिसर के मां भैरवी धाम पंडाल में हुआ गुरु पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला के संत समागम क्षेत्र में स्थापित मां भैरवी धाम पंडाल में श्रद्धा और भक्ति के साथ गुरु पूजन का आयोजन किया गया। तंत्रोक्त साधना केंद्र के रूप में प्रसिद्ध सुमिरन माई के इस पंडाल में पंजाब, उत्तराखंड, असम, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने माई के सान्निध्य में आध्यात्मिक साधना का संकल्प लिया। भैरवीधाम खैरा राजनांदगांव से लाई गई माई की पावन चरण पादुका का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। पूजा में देव अस्त्र एवं कुलदेवी को विशेष स्थान दिया गया। पंडित रघुनाथ प्रसाद पांडे ने बताया कि सुमिरन माई 15 फरवरी तक राजिम कुंभ में उपस्थित रहेंगी।



### सुरक्षा और सम्मान के बीच संतुलन जरूरी

# आस्था पर सुरक्षा का पहरा, कड़े व्यवहार और अव्यवस्था से श्रद्धालु हो रहे हताश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक आयोजन राजिम मेला इस बार श्रद्धा से अधिक सख्ती और अव्यवस्था की चर्चाओं में है। मेला क्षेत्र में जगह-जगह बैरिकेटिंग, कड़ी चेकिंग और पुलिस की रोक-टोक से आम श्रद्धालु खुद को असहज महसूस कर रहे हैं। परिवार के साथ आने वाले लोगों का कहना है कि गुंडे-बदमाशों से पहले उन्हें पुलिस एवं इवेंट के कथित सुरक्षाकर्मी से तीखी पूछताछ और व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। हर कदम पर रोक-टोक हो रहा है। मेला क्षेत्र में प्रवेश करते ही कई स्थानों पर पुलिस जांच, और आवाजाही पर नियंत्रण देखने को मिल रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर की गई घेराबंदी से श्रद्धालुओं को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे विशेष रूप से परेशान नजर आ रहे हैं। कई परिवार के लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अनावश्यक पूछताछ और कड़े



लहजे में की जा रही बातचीत से उन्हें अपमानित महसूस हुआ। कुछ लोगों का कहना है कि मेला घूमने आए हैं, अपराधी नहीं हैं, फिर भी जिस तरह से रोक-टोक हो रही है, उससे श्रद्धा का माहौल प्रभावित हो रहा है।

### सुरक्षा व्यवस्था को और व्यवस्थित व सहज बनाया जाए

हम मानते है सुरक्षा जरूरी है पर संवेदनशीलता भी निस्संदेह, होना चाहिए। बड़े आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था आवश्यक होती है। प्रशासन का उद्देश्य किसी भी अप्रिय घटना को रोकना है, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या सुरक्षा के नाम पर श्रद्धालुओं की गरिमा से समझौता उचित है? मेला आस्था और आनंद का पर्व होता है, जहां लोग परिवार के साथ सुकून और भक्ति का अनुभव करने आते हैं। लोग प्रशासन से अपेक्षा करते है कि व्यवहार संयमित और सम्मानजनक होना



चाहिए। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं की मांग है कि सुरक्षा व्यवस्था को और व्यवस्थित व सहज बनाया जाए। पुलिस बल को भी निर्देशित किया जाए कि वे श्रद्धालुओं से संवाद में संयम और संवेदनशीलता बरतें, ताकि किसी की भावनाएं आहत न हों। राजिम मेला आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। जरूरत इस बात की है कि सुरक्षा और सम्मान-दोनों का संतुलन बना रहे, ताकि श्रद्धालु भय या अपमान नहीं, बल्कि श्रद्धा और आनंद की अनुभूति लेकर जाए।

